गारमेंट सेक्टर के विकास में धन की कमी नहीं होगी : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों से कहा कि गारमेंट सेक्टर के विकास और उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने में धन की कमी नहीं आड़े आएगी। पूर्वांचल को रेडीमेड गारमेंट सेक्टर का हब बनाया जाएगा और गोरखपुर इसका केंद्र होगा।

चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विष्णु अजीतसरिया और पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। उन्होंने सीएम को बताया कि कई बाहरी उद्यमी गोरखपुर में यूनिट लगाने की इच्छा रखते हैं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार गोरखपुर को केंद्र बनाकर पूर्वांचल को रेडीमेड गारमेंट सेक्टर का हब बनाने के लिए संकल्पित है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रह है। गीडा में फ्लैटेड फैक्ट्री की तरह गोरखनाथ क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया में भी रेडीमेड गारमेंट फ्लैटेड फैक्ट्री की चेंबर की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों की संख्या बढ़ने पर इस पर भी विचार किया जाएगा।

जनता दरबार में सीएम ने 150 लोगों की समस्याएं सुनीं।

जारी रहेगी ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की पॉलिसी

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 'ट्रेस, टेस्ट एवं ट्रीट' पॉलिसी प्रभावी ढंग से जारी रहेगी। जनप्रतिनिधि टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण कर लोगों को टीके के लिए प्रेरित करें। 21 जून से रोज छह लाख और जुलाई में रोज 12 लाख लोगों को टीके लगेंगे।

एमएसएमई के जरिए 50 हजार लोगों को रोजगार देने की तैयारी : एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर में 350 करोड़ रुपये की पूंजी से करीब 15000 लोगों को रेडीमेड सेक्टर में रोजगार मिला है। एमएसएमई के जरिए रेडीमेड गारमेंट के परंपरागत उद्यम से सरकार 50000 लोगों को रोजगार दिलाने की तैयारी में है। गारमेंट यूनिट लगाने पर सरकार 20 लाख रुपये तक का अनुदान दे रही है। ब्यूरो